
FAREWELL
PARTY
2025


FAREWELL
PARTY



दैनिक पूर्वोदय
सही दिशा, सही खबर

# बी. बरुवा कॉलेज के हिंदी विभाग में विदाई समारोह



**गुवाहाटी, 2 जून (पू.सं.)।** बी. बरुवा कॉलेज (स्वा.) के हिंदी विभाग में सोमवार को अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. उन्मेषा कोंवर ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों से बिना डरे आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा, विदाई एक पल के लिए दुःखद हो सकती है, परंतु यह जीवन की नई यात्रा की शुरुआत है। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक अरबिंद शर्मा ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को जीवन में सकारात्मक सोच, मेहनत और धैर्य का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि कॉलेज की शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहती, यह जीवन के लिए दिशा भी निर्धारित करती है। डॉ. जयश्री काकोती (सहायक प्राध्यापिका) ने भी अपने स्नेहिल और मधुर शब्दों में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के अंत में सभी छात्रों को स्मृति-चिह्न भेंट किए गए।